an>

Title: Regarding shifting of coal storage from Sayan, Kolivada, Shivri and nearby areas.

श्री राहुल शेवाले : अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे मेरे संसदीय क्षेत्र साउथ-सेन्ट्रल मुम्बई के बारे में एक महत्वपूर्ण विषय उठाने का अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं...(व्यवधान)

अध्यक्ष जी, मुम्बई में सायन कोलीवाड़ा में कोली समाज हाउसिंग के निवासी पिछली सरकार की लापरवाही का खामियाजा आज तक उठा रहे हैं...(व्यवधान) यहां कोयले के भण्डारण के कारण प्रदुषण फैल रहा है। इसके ककारण यहां के निवासियों की सेहत निरंतर बिगड़ती जा रही है...(व्यवधान) इसी प्रकार से पिछले दस साल से शिवड़ी निवासी कोल पॉल्युशन की वजह से बीमार हैं। हाजी बंदर से जो कोयला लाया जाता है, वह यहां स्टोर किया जाता है...(व्यवधान) सायन, शिवरी, मुम्बई पोर्ट ट्रस्ट आदि क्षेत्रों में कोयले का आपार भंडार होता है...(व्यवधान)

12.17 hours

(*At this stage, Shri Mekapati Raja Mohan Reddy and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.*)

12.18 hours

(At this stage, Shri Mekapati Raja Mohan Reddy and some other hon. Members

went back to their seats.)

HON. SPEAKER: Nothing will go on record.

...(*Interruptions*)â€¦ *

श्री राहुल शेवाले (मुम्बई दक्षिण मध्य) :यहां कोयले की छंटाई-सफाई होने से वातावरण में कोयले की धूल हमेशा छाई रहती है। इसके कारण यहां के निवासी खांसी, अस्थमा और टीबी की बीमारियों से ग्रस्त हैं...(व्यवधान) खुले ट्रकों से कोयला और कोयला डस्ट रेल वैगनों में लादने के लिए ले जाया जाता है, जो बहुत बड़ी मात्रा में प्रदुषण फैलाता है। इस प्रदुषण के कारण रेल लाइन के आस-पास के निवासी बीमारियों से जूझ रहे हैं...(व्यवधान) बड़े आश्चर्य की बात है कि गूगल मैप में वर्ष 2009 में और वर्ष 2015 में साफ तौर से दिखाया गया है कि यहां की ग्रीन बेल्ट ब्लैक और ग्रे धरती में बदल रही है, फिर भी सरकार का ध्यान इस ओर नहीं है...(व्यवधान)

अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि सायन कोलीवाड़ा, शिवरी और आस-पास के क्षेत्रों से कोयले के इस भंडारण को स्थांतरित किया जाए, जिससे इन क्षेत्रों के निवासियों की सेहत में सुधार हो सके तथा आगे और ज्यादा लोग बीमारियों से ग्रस्त न हो सके। धन्यवाद। â€¦ (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Shri Arvind Sawant, Shri Rajan Vichare and Shri Shrirang Appa Barne are permitted to associate with the issue raised by Shri Rahul Shewale.